संक्षिप्त

बंद को सफल बनाने पर की चर्चा

आमेर, (निसं)। अचरोल में सोमवार को अम्बेडकर पार्क में आसपा के आमेर अध्यक्ष हरीश धौलपुरिया के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमिलेयर लागू करने के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में 21 अगस्त भारत बंद में ग्राम अचरोल से अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी और बन्द को सफल बनाने की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान मीटिंग में अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष सरदार पिंगोलिया के साथ साथ रोशन, अविनाश, कैलाश, कमलेश, कालूराम, संगीत, अजय, सोनू और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

700 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

मनोहरपुर, (निसं)। स्वर्णकार सेवादल की ओर से रविवार को झोटवाडा स्थित सियाराम गार्डन में अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश भर से आए विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले करीब 700 छात्र-छात्राओं को मेडल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, चांदी कवर युक्त पेन, स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री भेंट कर पुरस्कृत किया गया। यह समस्त आयोजन स्वर्णकार समाज के भामाशाहों के सहयोग से किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से भामाशाह के रूप में रूपचंद जालू, राधेश्याम रूंडवाल, मांगीलाल बूटण, हनुमान प्रसाद कडेल, नितेश जालू, डी.के. सोनी, भागीरथ जमवाल, नारायण मौसूण, रमेश रोडा, ओंकार डांवर, अनिल सोनी विजय नारनोली प्रकाश जालू रमेश कुकरा मौजूद रहे। समारोह में मनोहरपुर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष डीके सोनी को भी सम्मानित किया गया।

नदियों में आया बारिश का पानी

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जगह जगह जल भराव हो गया वहीं सामोद पर्वत पर विराजे वीर हनुमान बालाजी महाराज व म्हारकलां गांव में स्थित मालेश्वर धाम की पहाडियों से बहते झरनों को देखने श्रद्धालु पहुंच रहे है। वही रविवार रात्री से हल्की बारिश के बाद सोमवार सुबह तेज बारिश होने के कारण कालाडेरा कस्बे के दोनों ओर स्थित नदियों में बारिश के तेज पानी की आवक होने से आस पास के खेतों के साथ ही मकानों में पानी भर गया। नदियों में पानी आने की जानकारी मिलते ही पानी देखने के लिए ग्रामीणों की भीड जुट गई और युवा पानी के तेज बहाव को देखकर सेल्फी लेने लगे है।

बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

चाकसू, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र में करीब 6 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। बारिश के चलते लोग घरों के बाहर भी नहीं निकल रहे हैं। गली मोहल्ले की सडकों से लेकर हाईवे तक में पानी भर गया है। राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। बुधवार शाम को शुरू हुई बारिश रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। लोगों ने प्रशासन से पानी के निकास की व्यवस्था करने मांग की है। वहीं सोमवार को जल भराव वाले जगहों का चाकसू विधायक रामवतार बैरवा, एडीएम प्रथम सुरेश नवल, उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा, नगरपालिका ईओ बीएल मीना, तहसीलदार संदीप चौधरी सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दौरा कर जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही लबालब बांध व तालाबों के पास स्थित नीचे की बस्तियों के लोगों को दूसरीं जगह जाने की बात कही वहीं कई लोग सुबह से तालाबों पर भरे पानी की रौनक देखने चले गए जंहा पर लोगों की भीड लगी रही।

दो बांध का निरीक्षण किया

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने सोमवार को टहला में मानरोवर बांध एवं मंगलसर बांध का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने मानसरोवर बांध पर चल रही चादर का निरीक्षण कर उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संयुक्त निगरानी रखकर किसी भी अप्रिय घटना व जनहानि की रोकथाम हेतु बांध पर लोगों की आवाजाही को रोका जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि बांध क्षेत्रा में मिट्टी कटाव व बांध में रिसाव जैसी स्थिति पाए जाने पर तुरन्त रोकथाम के उपाय करें।

तिरंगा बाइक रैली निकाल राष्ट्र प्रेम एवं एकता का संदेश दिया

टोंक, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय टोंक के एनसीसी कैडेट्स छात्र-छात्राओं ने सोमवार को हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान लेफ्टिनेंट मो. बाकिर हुसैन ने कैडेट्स को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज के प्रोटोकॉल के तहत फहराए जाने के लिए प्रेरित करते हुए अपने आसपास के नागरिकों को भी तिरंगा फहराने के लिए कहा। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्र निर्माण व राष्ट्र विकास का संकल्प लिया तथा राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। लेफ्टिनेंट बाकिर ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र चंदेल, डॉ. नरेश वर्मा, मंजू कुमारी मीना, चंद्रशेखर मीना आदि मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय टोंक के एनसीसी कैडेट्स छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा यात्रा निकाली।

अलवर, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को तिरंगा बाइक रैली आयोजित हुई। रैली को वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कम्पनी बाग से तिरंगा झंण्डा लहराकर रवाना किया तथा रैली में स्कूली विद्यार्थियों एवं आमजन के साथ पैदल चल देशप्रेम व एकता का संदेश दिया।

दौसा। जिला स्तर पर सोमवार को तिरंगा रैली का आयोजन रोडवेज बस डिपो से गांधी तिराहा तक किया गया। गांधी तिराहा पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने संभागियों को तिरंगा शपथ दिलाई तथा साथ में ही नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु भी शपथ दिलवाई गई। तिरंगा रैली में पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा पारीक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, डाक्टर प्रभु दयाल शर्मा, उपखंड अधिकारी दौसा एवं नगर परिषद आयुक्त मनीष कुमार जाटव, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार मीणा, सीओ दौसा रवि कुमार आदि सम्मिलित हुए।

कोटपूतली। राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से एलबीएस कॉलेज ग्राउंड तक निकली यात्रा में हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोग देशभक्ति के जज्बे से ओत-प्रोत दिखाई दिए। इस अवसर पर एएसपी नेम सिंह, उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी, उप अधीक्षक राजेंद्र बुरडक सहित जनप्रतिनिधि व लगभग 1500 बच्चों ने रैली में भाग लिया।

नारायणपुर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आजादी अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को उपखंड प्रशासन के द्वारा कस्बे के मुख्य बाजार से देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। तिरंगा बाइक रैली को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ उपखंड कार्यालय से खेल स्टेडियम तक तिरंगा बाइक रैली निकाली। रैली में स्कूली बच्चों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

पावटा। हर घर तिंरगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर सोमवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा बाणगंगा मण्डल, त्रिवेणी मण्डल, विराटनगर मण्डल द्वारा विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मार्गदर्शन में हरी झंडी दिखाकर तिरंगा वाहन यात्रा का शुभारंभ किया गया। तिरंगा वाहन रैली अलवर तिराया से प्रारंभ होकर बिलवाडी होते हुए श्री गणेश मंदिर विराटनगर पहुंची जहाँ तिरंगा वाहन यात्रा का समापन हुआ।

- तिरंगा की शपथ एवं नशामुक्ति की दिलवाई शपथ

श्रीमाधोपुर। कलेक्टर नीमकाथाना एवं उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सोमवार को श्रीमाधोपुर शहर के मुख्य मार्गों पर तिरंगा रैली निकाली गई। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम के विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्तिपरक नारे लगाते हुए रैली के रूप में बालिका विद्यालय से प्रारंभ होकर रींगस बाजार, चौपड, सुरानी बाजार, खटोडा बाजार, अस्पताल चौराहा होते हुए अपने गंतव्य स्थल पहुंचे। रैली में शिवपाल सिंह प्रधानाचार्य, रमाकांत शर्मा प्रधानाचार्य समेत स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

प्रतिभाओं का किया सम्मान

फुलेरा, (निसं)। ग्राम भैंसलाना में सोमवार को प्रजापति समाज शिव मन्दिर का 60वां विशाल वार्षिक मेला महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल बगराणियां की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में माटी कला बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री प्रहलाद टांक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर, भैरूलाल धमूनिया, पूर्व प्रदेश मंत्री सरोज प्रजापति, डॉ. राजाराम प्रजापति रहे। कार्यक्रम में आगन्तुक अतिथियों का माला साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रजापति समाज की उभरती प्रतिभाशाली प्रतिभाओं एवं बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में माटीकला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद टांक ने समाज की एकता व सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को लेकर कार्य करने की अपील की।

चार साल बाद मालपुरा में 521 कांवड़ियों ने कावड़ यात्रा निकाली

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा में चार साल से प्रतिबंधित परम्परागत मार्ग से मिली प्रशासनिक स्वीकृति के बाद शिव कांवड़ यात्रा समिति ने प्रशासन की सभी शर्तों का पालन करते हुये 521 रजिस्टर्ड कांवड़ियों के साथ कावड़ यात्रा निकाली। परम्परागत मार्ग दूदू-छाण स्टेट हाईवे से एक हजार से अधिक पुलिस अधिकारी व जवानों सहित एसटीएफ कमाण्डो की कड़ी पुलिस सुरक्षा में कांवड़ यात्रा निकाल केदारनाथ मंदिर में बिसलपुर से लाई पवित्र कांवड़ के जल से बाबा केदारनाथ का जलाभिषेक किया।

केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पांच हजार से अधिक शिव भक्तों के साथ कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत करते हुये वंदे मातरम जय श्री राम व बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगा कांवड़ यात्रा में शामिल हुये। कांवड़ यात्रा में 71 किलो की कांवड़ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। यात्रा संयोजक विकास शर्मा व विनोद साहु ने कांवड़ियों की सुरक्षा व क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करते हुये कडी पुलिस सुरक्षा में कांवड़ यात्रा निकलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताया। 11 अगस्त को बिसलपुर गोकर्णेश्वर महादेव से पवित्र कांवड़ लेकर मालपुरा के लिये निकले कांवड़ियों का टोडारायसिंह, मोर, टोरडी, अम्बापुरा से होते हुये सोमवार को मालपुरा की सीमा में पहुंचने पर टोडा रोड आरएसी लाईन के पास कड़ी पुलिस सुरक्षा में रजिस्टर्ड कांवड़ियों को तीन किलोमीटर लम्बे बनाये कांवड़ कोरीडोर में प्रवेश दिया गया तो शेष मौजूद भारी भीड़ को वहीं रोक दिया गया। भगवान शिव के भजनों पर नाचते-गाते कांवडियों का रैला ट्रक स्टेण्ड पहुंचा तो चौराहे पर मौजूद हजारों लोगों की भीड़ ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर जयघोष लगाये। ट्रक स्टेण्ड से केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी कांवड़ियों के साथ पैदल चलकर केदारनाथ मंदिर पहुंचे। सुभाष सर्किल पर पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी व पार्षदों सहित बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने कांवड़ियों पर गुलाब जल की फुहार व पुष्प वर्षा की। चार साल बाद शहर की सड़कों से गुजरी कांवड़ यात्रा में लहराये गये भगवा ध्वज व गूंजे जय श्री राम के नारों से समुचा शहर गुंजायमान हो गया।

- पांच हजार से अधिक शिवभक्तों के साथ केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल ने कांवड़ियों का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

कोटपूतली, (निसं)। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पूरे भारत में एक साथ नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम के क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शपथ दिलाई। एडीएम योगेश कुमार डागुर ने युवाओं को नशा मुक्त रहने के लिए शपथ के बारे में बताते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं। युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास के महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हम सब मिलकर अपने जिले को, अपने राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय करें और प्रतिज्ञा लें कि हम अपने देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे।

कलेक्टर ने विभिन्न गांवों का दौरा कर जल भराव की स्थिति देखी

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने किशनगढबास व खैरथल सहित आसपास के गांवों का दौरा कर अति वृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होने अधिकारियों को जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आमजन को बिजली के पोलों से दूर रहने व नदी तालाब जोहड आदि क्षेत्रों पर निगरानी रखने व लोगों को ऐसे स्थानों पर पिकनिक आदि मनाने से रोके जाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों के साथ खैरथल शहर के जल भराव वाले इलाकों व हुसैनपुर, रेलवे फाटक 92 एवं किशनगढबास रोड स्थित नाले का दौरा किया। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को नाले की सफाई व किशनगढबास रोड पर हो रहे जल भराव के लिए जल निकासी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा वर्षा ऋतु के कारण क्षतिग्रस्त इस्माइलपुर रोड के मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया।जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत जिलोता के गांव श्यामाका स्थित आदर्श अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर पर सावधानी साइन बोर्ड लगाने के अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि जनहानि जैसी कोई घटना घटित ना हो। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन से जलभराव को देखते हुए अपील की है कि नदी, नालों, पोखरों एवं नहरों के आस-पास भ्रमण करने व नहाने नहीं जाये एवं विशेष कर बच्चों को भी नहीं जाने दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा है कि वर्षा ऋतु को मध्य नजर रखते हुए लोगों को बिजली के पोलों से दूर रहने एवं वर्षा के दौरान नदी, तालाब, जोहड पर जाकर पिकनिक नहीं मनाए इसके लिए सावधानी बढ़ाते हुए रोकने का प्रयास करें। साथ ही वर्षा के कारण कोई अनहोनी या समस्या उत्पन्न होने पर जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष टेलीफोन नंबर 01460298205 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।इस दौरान उपखंड अधिकारी किशनगढबास मूलचंद लूणिया, आयुक्त नगर परिषद श्याम बिहारी गोयल, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग भूरी सिंह, कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

इंदिरा कॉलोनी में जमा बारिश के पानी की निकासी की मांग

सांभरझील, (निसं)। रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित इंदिरा कॉलोनी में जमा हुई बारिश की पानी की निकासी की मांग को लेकर बीआर अंबेडकर चेतना समिति व वाल्मीकि समाज के लोगों ने विधायक विद्याधर चौधरी से मिलकर समस्या के स्थाई हल करवाने की गुहार लगाई है।

जानकारी अनुसार यहां पर 50 से अधिक परिवार दलित, पिछडे और गरीब वर्ग के हैं। बताया जा रहा है कि जिस जगह यह कॉलोनी बसी हुई है वह मुख्य सडक मार्ग से काफी नीचे है, यानी एक प्रकार से डूब क्षेत्र जैसे हालात है। हर वर्ष बारिश का पानी यहां पर घरों के सामने और शिव मंदिर तक करीब 4 से 5 फीट तक जमा हो जाता है। इस पानी की निकासी के लिए ऐसा कोई प्रोजेक्ट नगर पालिका आज तक स्थापित नहीं कर पाई है जिससे बारिश का पानी बडे नाले के जरिए झील क्षेत्र की ओर ले जाया जा सके। बारिश का सीजन खत्म होने के बाद भी करीब 1 महीने तक पानी रास्तों और घरों के आगे जमा रहता है। बारिश का पानी लगातार मकान की नींव को कमजोर कर चुका है और कई मकानों में दरारें तक आ गई है। मकान में सीलन की वजह से अंदर से दीवारें झडना शुरू हो गई है। लगातार बारिश की वजह से अब लोगों में भय का माहौल है। विधायक विद्याधर चौधरी ने चेतना समिति के लोगों को आश्वस्त किया है की वे मौका निरीक्षण कर समस्या का हल करवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

- बीआर अंबेडकर चेतना समिति ने विधायक से लगाई गुहार

तांबे के तारो की चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

मनोहरपुर, (निसं)। थाना पुलिस ने सोमवार को दुकान का शटर तोडकर ताम्बे के तारो की चोरी का खुलासा करते हुए तीन जनों को गिरफ्तार कर एक गाडी को जप्त किया गया है।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शांतनु कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर अनिल कुमार टांक द्वारा चलाये जा रहे वांछित/फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में निम्न कार्यवाही की गई।

पुलिस ने बताया की दिनांक 11 अगस्त 2024 को गस्त के दौरान सकडी पुलिया के पास मनोहरपुर पर एक स्लेटिया रंग की संदिग्ध वैगनार कार खडी थी जिसमे 3 लडके सवार होने पर उनसे पूछताछ की तो संतोषप्रद जवाब नहीं दिया तथा कार की तलाशी ली गई तो कार की डिग्गी में सफेद कट्टों में पुराने व नये तांबे के तार मिले जिनके बारे में कार में बैठे हुए व्यक्तियों से पूछा गया तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर सामान चोरी का प्रतीत होने पर गाडी चालक दिलीप उर्फ राजेश पुत्र करतार सिंह बावरिया जाति बावरिया उम्र 45 साल निवासी भखतल की चौकी हाल ज्योतिनगर हनुमान मंदिर चौक के पास थाना एनईबी जिला अलवर, गौरव बावरिया पुत्र प्रितम बावरिया जाति बावरिया उम्र 23 साल निवासी नगर तहसिल गुहाना थाना गुहाना जिला सोनीपत (हरियाणा) तथा बलवीर उर्फ बल्लु पुत्र करतार सिंह जाति बावरिया उम्र 55 साल निवासी भखतल की चौकी थाना एमआईए जिला अलवर का कृत्य धारा 128/170 का पाये जाने पर जरिए फर्द गिरफ्तार किया गया व कार वैगनार को व ताम्बा 108 किलोग्राम को जप्त किया गया। थाने पर पूछताछ की तो बताया कि उन्होंने थाना सोडाला जयपुर में दुकान का शटर तोडकर ताम्बे के तार चोरी कर लाये है। जिस पर ताम्बा चोरी की सूचना सोडाला थाना को दी जाकर उक्त गैर सालयान को पेश कर पुलिस थाना सोडाला को सुपुर्द किया गया।

पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान मय गाडी को जब्त किया।

सफाई कर्मचारियों को रेनकोट बांटे

शाहपुरा, (निसं)। शहर के मुख्य बस स्टैंड पर झंडी प्रसाद पेट्रोल पंप पर शाहपुरा की प्रमुख सामाजिक संस्था शाहपुरा युवा विकास समिति के तत्वाधान में मंच के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा के नेतृत्व में नगर पालिका के 21 सफाई कर्मचारियों को रेनकोट शिक्षा उपनिदेशक गेंदालाल रेगर के मुख्य अतिथि में वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका के पार्षद पुनीत कुमार भगेरिया ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मंच के संरक्षक सांवरमल बीवाल, सेवानिवृत अध्यापक बंशीधर खटावलिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया, शाह समाज के अध्यक्ष सदरू शाह, मंच के महासचिव ओम प्रकाश सैनी थे। इस मौके पर पार्षद पुनीत कुमार भगेरिया के द्वारा रेनकोट वितरित किए गए। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा शिक्षा विभाग शाहपुरा सीबीईओ गेंदालाल रेगर को शिक्षा विभाग में उप निदेशक पद पर पदोन्नित होने पर माला, साफा, सरस्वती माता की मूर्ति व मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

छायादार वृक्ष लगाए

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को कस्बे के कुछ युवा साथियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए। सरस्वती मंदिर के प्रांगण में जामुन और सीताफल के फलदार वृक्ष लगाए गए। और पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप नदी चौराहे पर पीपल, बरगद और गूलर के वृक्ष लगाए गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवतगढ पंचायत समिति चौथा का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक /ग्रा/प./2024-25 /04 दिनांक -5.8.24

ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत भगवतगढ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति / निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. -ZSM2425A0177
UBN No. ZSM2425WS0B00226

सरपंच ग्राम पंचायत भगवतगढ (स.मा.) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम विकास भगवतगढ (स.मा.)

कार्यालय ग्राम पंचायत टापुर पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक/ग्रा.प./2024-25/35 दिनांक- 12.8.2024

ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत टापुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति / निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. ZSM2425A0175
UBN No. ZSM2425WSOB00224

सरपंच ग्राम पंचायत टापुर पं.स.चौथ का बरवाडा (स.मा.) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत टापुर पं.स.चौथ का बरवाडा (स.मा.)

कार्यालय ग्राम पंचायत पांवडेरा पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक/ग्रा.प./2024-25/31 दिनांक- 7.8.2024

ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत पांवडेरा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति / निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. ZSM24250174
UBN No. ZSM2425WSOB00223

सरपंच ग्राम पंचायत पांवडेरा पं.स.चौथ का बरवाडा (स.मा.) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पांवडेरा पं.स.चौथ का बरवाडा (स.मा.)

कार्यालय ग्राम पंचायत डेकवा पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक/ग्रा.प./2024-25/44 दिनांक- 12.8.2024

ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत डेकवा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति / निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. ZSM2425A0176
UBN No. ZSM2425WSOB00225

सरपंच ग्राम पंचायत डेकवा पं.स.चौथ का बरवाडा (स.मा.) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत डेकवा पं.स.चौथ का बरवाडा (स.मा.)

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

सेक्टर-9 गोखले मार्ग, शिप्रा पथ रोड मानसरोवर जयपुर

क्रमांक :- जसअ/2024-25/93 दिनांक: 08.08.2024

ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मानसरोवर) -12/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मानसरोवर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व http://sppp.raj.nic.in & eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका sppp पोर्टल यू.बी.ई.एन. नं. JMC2425WSOB00430 है। उक्त निविदा को http://sppp.raj.nic.in पर दिनांक 07.08.2024 को अपलोड करवा दिया जायेगा।

अधिशाषी अभियन्ता मानसरोवर जोन नगर निगम जयपुर ग्रेटर

राज.संवाद/सी/24/3588

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)

क्रमांक :- जसअ/2024-25/89 दिनांक: 08.08.2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 12/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है। (UBN NO. - JMC2425WS0B00435)

अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

राज.संवाद/सी/24/3589

प्रारूप-10 { नियम6 (7) देखिए }

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक

क्रमांक :- नपासा / 2024 / 715 दिनांक : 08.08.2024

लोक सूचना

केशव अरोडा पुत्र श्री सोहन लाल असीझा जाति पंजाबी निवासी 03 हंस वाटिका, विद्याधर नगर जयपुर जिला जयपुर (राज.) 2. गोविन्द सिंह पुत्र श्री भीम सिंह जाति जाट निवासी 23, डेजर्ट कॉलोनी आर.पी.ए. मार्ग पानीपेघ जयपुर जिला जयपुर 3. रामजीवण जाट पुत्र श्री गंगाराम जाट जाति जाट निवासी ग्राम हबसपुरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनो के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात:-

क्र. सं.	जिले का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	रकबा	चाहा गया उपयोग
1.	जयपुर	राजस्व ग्राम बरडोती सांभर लेक	2596, 2598, 2599, 2600, 2602	खसरा नं. 2596, 2598, 2599, 2600, 2602 रकबा क्रमशः 0.3161, 0.2150, 0.0506, 0.0126, 0.4552 हैक्टेयर कुल किता 05 कुल रकबा 1.0495 हैक्टेयर	खसरा नं. 2596, 2598 2599, 2600, 2602 रकबा क्रमशः 0.3161, 0.2150, 0.0506, 0.0